भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-185
सोमवार, 04 फरवरी, 2019/15 माघ, 1940 (शक)

## देश में कार्यरत रोजगार कार्यालय

185. डॉ॰ सुनील बलीराम गायकवाड़ः
श्री वी॰ पन्नीरसेलवमः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में वर्तमान में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितने रोजगार कार्यालय कार्यरत हैं;

(ख) क्या रोजगार कार्यालयों में नौकरी ढूंढने वालों के पंजीकरण में कमी देखी गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) गत तीन वर्षों और चालू वर्षों के दौरान रोजगार कार्यालयों के द्वारा राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितने पंजीकृत बेरोजगार लोगों को नौकरी दी गई है; और

(घ) क्या पंजीकृत नौकरी ढूंढने वालों को रोजगार सुनिश्चित करने में रोजगार कार्यालयों के प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए, सरकार के पास उनके कार्यकरण की समीक्षा का कोई प्रस्ताव है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क से ग): राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त सूचना के अनुसार देश में चालू रोजगार कार्यालयों की संख्या 997 है और देश में रोजगार चाहने वाले, जिनमें आवश्यक नहीं कि सभी बेरोजगार हों, रोजगार कार्यालयों में पंजीकृत किए गए तथा रोजगार कार्यालयों के माध्यम से रोजगार पाने वाले, राज्य/संघ क्षेत्र-वार, अनुबंध में दिए गए हैं।

(ख) से (ङ): मंत्रालय रोजगार मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों संबंधी सूचना इत्यादि जैसी विभिन्न रोजगार संबंधी सेवाएं प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय रोजगार सेवा के रूपान्तरण के लिए राष्ट्रीय आजीविका सेवा (एनसीएस) परियोजना को एक मिशन मोड परियोजना के रूप में कार्यान्वित कर रहा है। ये सेवाएं एनसीएस पोर्टल (www.ncs.gov.in) पर ऑनलाइन उपलब्ध हैं तथा कॉल सेन्टर/हैल्पडेस्क द्वारा समर्थित हैं। एनसीएस के तहत सेवाएं एनसीएस पोर्टल, रोजगार कार्यालय (करियर केंद्रों), सामान्य सेवा केंद्र इत्यादि जैसे बहु-सुपुर्दगी माध्यमों से हासिल की जा सकती हैं। एनसीएस परियोजना में रोजगार सेवाएं प्रदान करने के लिए राज्यों तथा अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग से आदर्श करियर केंद्रों (एमसीसी) की स्थापना की परिकल्पना की गई है। सरकार प्रस्तावों तथा योजना के दिशा-निर्देशों के आधार पर, इन केंद्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। इन आदर्श करियर केंद्रों को राज्यों द्वारा उनके स्वयं के संसाधनों से स्थापित किया जा सकता है।

इसके अतिरिक्त, एनसीएस परियोजना में रोजगार कार्यालयों को एनसीएस के साथ आपस में जोड़ने का एक घटक है तथा यह रोजगार कार्यालयों में अवसंरचनाओं के उन्नयन हेतु राज्यों को आंशिक रूप से वित्तपोषित करता है। सरकार राज्यों से प्राप्त प्रस्तावों तथा योजना के दिशा-निर्देशों के आधार पर आंशिक रूप से वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

अनुबंध

लोक सभा के दिनांक 04-02-2019 के अतारांकित प्रश्न संख्या 185 के भाग (क से ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

देश में रोजगार कार्यालयों की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण (01-01-2016 को)

(हजार में)

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र | रोजगार कार्यालयों की संख्या | रोजगार चाहने वालों का पंजीकरण | | | नियोजन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2013 | 2014 | 2015# | 2013 | 2014 | 2015# |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 17 | 101.0 | 87.0 | 55.7 | 0.6 | 0.4 | 0.2 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 12 | 5.2 | 3.1 | 9.1 | 0.0 | 0.0 | 0.0 |
| 3 | असम | 52 | 192.0 | 269.3 | 262.8 | 0.5 | 1.1 | 0.9 |
| 4 | बिहार | 47 | 123.7 | 126.0 | 133.2 | 2.2 | 0.1 | 1.1 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 26 | 212.5 | 218.9 | 216.0 | 0.5 | 0.9 | 3.2 |
| 6 | दिल्ली | 14 | 159.3 | 147.7 | 64.4 | 0.1 | 0.2 | 0.2 |
| 7 | गोवा | 1 | 21.5 | 21.8 | 19.0 | 0.9 | 2.1 | 2.9 |
| 8 | गुजरात | 48 | 434.3 | 444.3 | 474.1 | 271.6 | 290.8 | 336.7 |
| 9 | हरियाणा | 59 | 86.3 | 111.0 | 127.3 | 0.7 | 0.2 | 0.3 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 15 | 188.9 | 149.2 | 169.5 | 1.9 | 2.3 | 1.1 |
| 11 | जम्मू और कश्मीर | 17 | 9.9 | 10.3 | 7.6 | 0.1 | 0.4 | 0.1 |
| 12 | झारखंड | 42 | 84.7 | 63.2 | 160.1 | 3.4 | 1.1 | 2.9 |
| 13 | कर्नाटक | 40 | 70.6 | 63.8 | 62.5 | 3.9 | 2.1 | 0.8 |
| 14 | केरल | 89 | 497.6 | 541.5 | 442.5 | 7.9 | 8.0 | 8.2 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 49 | 335.1 | 312.3 | 392.9 | 2.7 | 0.2 | 0.1 |
| 16 | महाराष्ट्र | 47 | 324.7 | 686.2 | 613.3 | 18.6 | 9.5 | 22.9 |
| 17 | मणिपुर | 11 | 25.5 | 17.5 | 18.8 | 0.0 | 0.0 | 0.0 |
| 18 | मेघालय | 12 | 8.2 | 6.2 | 14.0 | 0.0 | 0.0 | 0.1 |
| 19 | मिजोरम | 3 | 4.3 | 3.9 | 8.3 | 0.1 | 0.1 | 0.0 |
| 20 | नागालैंड | 8 | 13.7 | 13.0 | 28.7 | 0.0 | 0.0 | 0.0 |
| 21 | ओडिशा | 40 | 169.1 | 168.4 | 132.7 | 1.4 | 0.7 | 1.3 |
| 22 | पंजाब | 47 | 131.0 | 65.6 | 115.0 | 2.5 | 2.4 | 1.7 |
| 23 | राजस्थान | 38 | 175.0 | 123.8 | 85.7 | 0.3 | 0.4 | 0.4 |
| 24 | सिक्किम * | - | - | - | - | - | - | - |
| 25 | तमिलनाडु | 35 | 1317.8 | 1361.8 | 1527.3 | 20.9 | 8.8 | 7.7 |
| 26 | तेलंगाना | 14 | - | - | 198.0 | - | - | 0.5 |
| 27 | त्रिपुरा | 5 | 31.0 | 30.5 | 24.8 | 0.4 | 2.4 | 0.4 |
| 28 | उत्तराखंड | 24 | 130.6 | 180.9 | 191.8 | 0.6 | 0.6 | 0.2 |
| 29 | उत्तर प्रदेश | 99 | 524.2 | 356.4 | 1008.1 | 4.0 | 1.3 | 0.4 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 77 | 554.3 | 336.4 | 333.2 | 1.4 | 1.5 | 0.5 |
| 31 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप | 1 | 10.5 | 8.1 | 11.1 | 0.1 | 0.1 | 0.1 |
| 32 | चंडीगढ़ | 2 | 4.7 | 4.7 | 4.1 | 0.1 | 0.1 | 0.1 |
| 33 | दादरा एवं नागर हवेली | 1 | 1.0 | 1.4 | 0.5 | 0.0 | 0.0 | 0.0 |
| 34 | दमन और दीव | 2 | 0.3 | 0.0 | 0.7 | 0.0 | 0.0 | 0.0 |
| 35 | लक्षद्वीप | 1 | 1.5 | 0.8 | 0.2 | 0.0 | 0.0 | 0.0 |
| 36 | पुडुचेरी | 1 | 19.3 | 22.1 | 26.3 | 1.2 | 0.3 | 0.1 |
| | कुल | 997 | 5969.4 | 5957.2 | 6939.4 | 348.5 | 338.5 | 395.0 |

नोट: * इस राज्य में कोई रोजगार कार्यालय कार्यरत नहीं है; # अनंतिम;

हो सकता है कि पुर्णांकों के कारण आंकड़े मेल न खाएं।